SUNDAY | 13.07.2025 | उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

बरेली

PAGE NO : 07 MIDDLE

# हर्ष की घातक गेंदबाजी के आगे बरेली राइडर्स टीम के बल्लेबाजों ने टेके घुटने

## स्पोर्ट्स स्टेडियम व एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में किया प्रवेश

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही अंडर-14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के हर्ष ने घातक गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। कप्तान कुशाग्र ने 15 गेंदों में 54 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जूनियर चैम्प्स टीम के लिए कसर ने तीन और धर्मेंद्र ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में जूनियर चैम्प्स की पूरी टीम 13.5 ओवरों में 29 रनों पर ढेर हो गई। स्टेडियम के लिए विधान ने चार ओवरों में सात रन देकर चार विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते प्रशिक्षक। स्रोत : स्टेडियम

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बरेली राइडर्स टीम 17.4 ओवरों में महज 87 रनों पर सिमट गई। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के लिए हर्ष ने चार ओवरों में 14 रन देकर पांच विकेट लिए। इसमें एक हैट्रिक भी शामिल रही।

जवाब में एसआरएमएस की टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। हर्ष को मैन ऑफ द मैच मिला। इस अवसर पर राजेश यादव, आशु भारती, अमित कुमार यादव, मनीष सिंह, मो. यूसुफ, अब्दुल जिशान, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 14 जुलाई को खेला जाएगा।